


## नीली रस्सी

विकास खंड अधिकारी के कार्यालय के मुख्य दरवाजे के पास हर सोमवार को पचहत्तर साल के बद्री प्रसाद अपनी लाठी टेकते हुए आ खड़े होते थे। उनके कंधों पर पुरानी बोरी में मुड़ी-तुड़ी नीली प्लास्टिक की एक शीट और दो बालिश्त लंबी नीली रस्सी बंधी होती थी जिसे वे बड़े सहेजकर अपने पास रखते थे। दफ़्तर का नया चपरासी जब भी उन्हें वहाँ आकर बैठते देखता तो चाय का कुल्हड़ मेज़ पर रखते हुए ठहाका लगाकर कहता कि ÷बाबा इस फटी नीली तिरपाल और रस्सी को रोज़ यहाँ धूप में सुखाने से क्या तुम्हारा पक्का मकान बन जाएगा जो हर हफ़्ते यहाँ हाज़िरी लगाने चले आते हो।÷ बद्री प्रसाद अपनी पुरानी ऐनक के शीशे को कुर्ते के कोने से साफ़ करते और बहुत शांत स्वर में उत्तर देते कि बेटा इस फटी प्लास्टिक की शीट और रस्सी में मेरे जीवन का वो सबसे बड़ा सच छुपा है जिसकी गाँठ तुम्हारे अफ़सरों के कागज़ों में उलझ कर रह गई है। दफ़्तर में आने वाले तमाम फरियादी और ठेकेदार उनका मज़ाक उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बूढ़े का दिमाग उम्र के साथ सठिया गया है जो इस मामूली पन्नी को अपनी ढाल बनाकर पूरी पंचायत से मुकाबला करने चला है। बद्री प्रसाद किसी की कड़वी बात का बुरा माने बिना उस नीली रस्सी को अपनी उंगलियों से सहलाते और चुपचाप पीपल की छांव में खड़े रहकर फ़ाइलों का इंतज़ार करते रहते थे।

ब्लॉक के सभी कर्मचारी बद्री प्रसाद के इस अनूठे नियम से पूरी तरह वाकिफ़ हो चुके थे और उन्हें एक हठी बुजुर्ग मानकर अनदेखा कर देते थे। दफ़्तर का बड़ा बाबू जब भी फ़ाइलों का ढेर लेकर अपने केबिन की तरफ बढ़ता तो बद्री प्रसाद बहुत उम्मीद से अपनी लाठी के सहारे खड़े हो जाते और कहते कि बाबू जी क्या आज उस प्रधानमंत्री आवास योजना वाले कागज़ पर साहब की मुहर लग गई।

बाबू गुस्से में चश्मा उतारकर डांटते हुए कहता कि अरे बाबा जब तक जीपीएस लोकेशन वाली फोटो की जांच पूरी नहीं होगी और जियो टैगिंग की रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड नहीं होगी तब तक फूटी कौड़ी नहीं मिलेगी और तुम इस नीली पन्नी को लेकर ताउम्र यहाँ चक्कर काटते रहोगे।

बद्री प्रसाद बिना कोई प्रतिवाद किए वापस अपनी जगह पर जाकर बैठ जाते और उस नीली रस्सी में लगी गाँठ को बार-बार खोलने और बांधने का निरर्थक प्रयास करने लगते थे। गाँव के लोग तरह-तरह की बातें करते थे कि शायद बाबा अपनी ज़मीन का पुराना लगान माफ़ कराने के लिए यह स्वांग रच रहे हैं लेकिन किसी को भी उस फटी नीली शीट और सरकारी महकमे के बीच छुपे भयानक रहस्य का ज़रा सा भी सुराग नहीं मिल पा रहा था।

एक दिन अचानक ज़िले के नए मुख्य विकास अधिकारी महोदय योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए ब्लॉक दफ़्तर में औचक निरीक्षण करने पहुँच गए। साहब की गाड़ी आते ही अफ़सरों के हाथ-पाँव फूल गए और आनन-फानन में फाइलों को अलमारियों में दबाया जाने लगा ताकि कोई गड़बड़ी न पकड़ में आए। निरीक्षण पूरा करने के बाद जब मुख्य विकास अधिकारी महोदय बाहर निकले तो उनकी नज़र पीपल के पेड़ के नीचे शांत बैठे बद्री प्रसाद पर पड़ी जिनकी गोद में वही नीली प्लास्टिक शीट और रस्सी रखी थी।

अपनी संवेदनशील छवि का प्रदर्शन करने के लिए साहब तुरंत बाबा के पास पहुँचे और बड़े दुलार से बोले कि बाबा आप इस कड़कती धूप में यह प्लास्टिक की पन्नी और रस्सी गोद में लिए क्यों बैठे हैं क्या आपको आवास योजना का लाभ नहीं मिल रहा है बताइए आपकी क्या शिकायत है। बद्री प्रसाद ने अपनी सूजी हुई आँखों से साहब की तरफ देखा और अपने कांपते हाथों से वह नीली प्लास्टिक शीट और रस्सी साहब के आगे फैलाते हुए बोले कि ÷साहब जी अगर न्याय करना चाहते हैं तो जरा इस पन्नी पर लगी सरकारी मुहर और इस नीली रस्सी का सच जान लीजिए।

साहब ने जब उस पन्नी के एक कोने को ध्यान से देखा तो वहाँ लाल स्याही से लिखा था कि आवास योजना का निरीक्षण पूर्ण हुआ और लाभार्थी को पक्का मकान स्वीकृत किया जाता है। साहब ने अचंभित होकर पूछा कि बाबा जब कागज़ पर मकान पास हो चुका है तो फिर आप इस पन्नी को लेकर रोज़ यहाँ क्यों आते हैं। बद्री प्रसाद की आँखों से आंसुओं के दो मोटे कतरे ढलककर उस नीली पन्नी पर गिर पड़े और वे रुंधे गले से बोले कि साहब तीन साल पहले जब गाँव में भारी बारिश हुई तो मेरा कच्चा छप्पर गिर गया।

मैं इस दफ़्तर में किश्त का पैसा माँगने आया तो अफ़सरों ने कहा कि जब तक साहब आकर जीपीएस फोटो नहीं लेंगे तब तक पैसा नहीं मिलेगा। बारिश से बचने के लिए अफ़सरों ने मुझे यह नीली प्लास्टिक शीट और रस्सी थमा दी और कहा कि इसे अपने कच्चे छप्पर पर बांध लो।

पिछले तीन सालों से हर बरसात में मैं इसी पन्नी के नीचे अपनी पोती के साथ सोता हूँ और कागज़ों में मेरा पक्का मकान बनकर तैयार हो चुका है। मैं रोज़ यह पन्नी यहाँ इसलिए लाता हूँ ताकि आपके इस पोर्टल को बता सकूँ कि सरकारी फाइलों में बनी पक्की छत केवल इस नीली रस्सी के सहारे टिकी हुई है। यह सुनते ही साहब का हाथ कांप गया और पूरे ब्लॉक दफ़्तर में ऐसा सन्नाटा छा गया जिसने वहाँ खड़े हर अफ़सर के ज़मीर को पूरी तरह झकझोर कर रख दिया।

### कार्टून कोना...




# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल, चम्मच से बांटी शक्कर

महू (इंदौर समाचार ) त्यौहारों के सीजन में दैनिक उपयोग उपभोग की वस्तुओं के दामो में जारी निरंतर बेतहाशा मूल्य वृद्धि जिसमे शक्कर, खाने के तेल, पेट्रोल, डीजल आदि की मूल्य वृद्धि से आम नागरिक के त्यौहार की मिठास खत्म हो गयी हैं, पेट्रोल में एथेनोल मिलाया जा रहा हैं जिससे शक्कर की कमी हो रही हैं उसका आयत करना पड़ रहा हैं जिससे शक्कर के दामो में वृद्धि हो रही हैं और लोगो के वाहनों को भी नुकसान हो रहा हैं, जिसकी जिम्मेदार भारतीय जनता पार्टी की सरकार हैं।



जनता के साथ इस कठिन घडी में कांग्रेस परिवार खड़ा होकर जनता की पीड़ा को उठाने का कार्य कर रहा हैं, म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर पुरे प्रदेश में इस जनविरोधी महंगाई के विरोध में प्रदर्शन किया जा रहा हैं इसी तारतम्य में इंदौर जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष विपिन वानखेड़े के आव्हान पर महू शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने महू के स्थानीय मार्किट चौराहा पर लोगों के बीच नाट्य मंचन कर विरोध करते हुए भाजपा की जन विरोधी नीतियों से सम्बंधित पेम्पलेट भी बाटें और विरोध प्रदर्शन किया ।

इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से वरिष्ट कांग्रेस नेता रामेश्वर पटेल, नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष नारायण पटेल, बाबूलाल अमेरिया, हरिराम जुलवानिया, आर.सी.चुरिहार, गोविन्द शर्मा, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ठाकुर,जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र राठौर,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष ओम पटेल, उपाध्यक्ष प्रवीन पाटिल, आशीष वर्मा, आई टी सेल विधानसभा अध्यक्ष विकास यादव, लियाकत पठान महू शहर कांग्रेस कमेटी वार्ड 1 अध्यक्ष दीपक अग्रवाल,वार्ड 2 अध्यक्ष शुभम जैन,वार्ड 4 के अध्यक्ष विकास कोशल, वार्ड । के अध्यक्ष जगमोहन सोन, महुगांव ब्लाक अध्यक्ष वीरू सकोरिया, डोंगर गाँव उपसरपंच अफरोज खान, रविन्द्र जैन, दिगपाल तोमर, जीतेन्द्र राजावत,खालिक कुरैशी, दीनदयाल बैरागी, छुट्टन कुरैशी, रकीब मेहर, मुकेश चौहान अमित पाल,पिंटू डिडवानिया, रंजित भाई, गोपाल मोदी,दिनेश राठौर, ओ.पी. लोढ़, हरिराम चौहान सर, शमा खान , वर्षा सकोरिया शिखा अग्रवाल, सुशीला देवी, गौरव शर्मा सम्मिलित हुए । कार्यक्रम का संचालन ब्लाक कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अजय सिंह धनावत ने करते हुए केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बढती महंगाई पर विस्तृत प्रकाश डाला । कार्यक्रम का आभार मानते हुए अध्यक्ष महू शहर कांग्रेस अमित अग्रवाल द्वारा कहा गया कि जनता के दैनिक उपभोग की वस्तुओं के दामो को नियंत्रित करने में केंद्र एवं राज्य सरकारें विफल साबित हो रही हैं जिन्हें इस्तीफा देना चाहिए । क्रायक्रम के अंत में प्रतीकात्मक सन्देश देते हुए राहगीरों को चम्मच से शक्कर बाँट रक्षाबंधन की बधाई दी गयी ।

# जल भराव का समाधान आश्वासन से नहीं समाधान से


महू (इंदौर समाचार ) हासलपुर में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या को लेकर जनपद पंचायत सीईओ गिरिराज दुबे ने क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।



बुधवार को जनपद सीईओ गिरिराज दुबे एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय मीणा ने सतनारायण मंदिर के समीप जलभराव वाले स्थान का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री पवन सिंह चौहान, प्रवीण सिंह चौहान, देवी सिंह दायमा, बाबूलाल जी दायमा, सत्यनारायण ठाकुर, चेतन पाटीदार एवं अर्जुन ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान मंदिर के आसपास पानी जमा होने से आवागमन में भारी परेशानी होती है। उन्होंने अस्थाई समाधान के बजाय जल निकासी की ऐसी स्थाई योजना बनाने की मांग की ताकि भविष्य में यह समस्या दोबारा न उत्पन्न हो। जनपद सीईओ ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए आश्वस्त किया कि बरसात का मौसम समाप्त होते ही जलभराव के स्थाई समाधान के लिए आवश्यक ठोस कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और आश्वासन देने पर ग्रामीणों ने आभार जताया। जलभराव का समाधान आश्वासन से नहीं, स्थायी व्यवस्था से% के माध्यम से रेखांकित किया है कि यह समस्या केवल बारिश तक सीमित न रहकर हर वर्ष ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनती है। प्रशासन को केवल कागजी आश्वासन देने के बजाय समयबद्ध तरीके से धरातल पर

# मरीज की मौत के बाद संजीवनी क्लिनिक सील

## दवाइयां जांच के लिए जप्त



महू (इंदौर समाचार) महू के बसीपीपरी गांव में गुरुवार को स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक निजी संजीवनी क्लिनिक पर कार्रवाई की।

टीम ने क्लिनिक को बंद कर सील कर दिया और वहां रखी कई दवाइयों को जांच के लिए जब्त कर लिया। इस कार्रवाई के दौरान एसडीएम राकेश परमार, तहसीलदार विवेक सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी माधव हसानी और योगेश सिंघारे सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार, संजीवनी क्लिनिक में लकवा सहित कई बीमारियों के इलाज के लिए दूर-दूर से मरीज आते थे। हाल ही में यहां उपचार के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक के परिजनों ने इसके बाद इंदौर कलेक्टर से शिकायत की थी।

इसी शिकायत के आधार पर गुरुवार को जिला और स्थानीय प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम बसीपीपरी पहुंची और क्लिनिक के संचालन की जांच करते हुए उसे सील करने की कार्रवाई की।

# महू में फूड कोर्ट पर सजा राखी एवं हस्तकला मेला, स्थानीय व्यापार को मिल रहा बढ़ावा



महू (इंदौर समाचार) शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फूड कोर्ट पर %राखी एवं हस्तकला मेले% का आयोजन किया गया है। विधायक सुश्री उषा ठाकुर एवं महू छावनी परिषद की सीईओ ज्योति कपूर की पहल से आयोजित यह मेला महू वासियों के लिए एक आकर्षक और सुविधाजनक खरीदारी स्थल बन गया है।

**मेले के मुख्य आकर्षण**–प्रमुख उत्पाद– मेले में किफायती एवं उचित दामों पर राखी, मिठाई, वस्त्र, नारियल, रुमाल, ज्वैलरी, गृह-सज्जा सामग्री, नाश्ता-चाट और हस्तकला से निर्मित वस्तुएँ उपलब्ध हैं। सराहनीय पहल– सुव्यवस्थित और आकर्षक स्वरूप के कारण मेले में बड़ी संख्या में नागरिक एवं खरीदार पहुँच रहे हैं। इससे स्थानीय व्यापारियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन का बेहतर मंच मिला है। नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध कराने और शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की इस पहल के लिए स्थानीय जनता ने विधायक सुश्री उषा ठाकुर, छावनी परिषद सीईओ ज्योति कपूर एवं छावनी परिषद के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

# रोटरी एवं इनरव्हील क्लब महू कैंट ने सहकर्मियों संग मनाया रक्षाबंधन, श्री एकेडमी में आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं

महू ( इंदौर समाचार ) रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट एवं इनरव्हील क्लब महू कैंट के संयुक्त तत्वावधान में श्री एकेडमी, कोदरिया में एक अनूठा राखी मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों और सहकर्मियों ने मिलकर आपसी सौहार्द के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं।



कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से 'राखी बनाओ' एवं 'राखी का चित्र बनाओ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कला एवं रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह का सबसे खास आकर्षण वह पल रहा जब विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार की गई राखियां विद्यालय के ड्राइवर, कंडक्टर एवं अन्य सहायक कर्मचारियों की कलाई पर बांधीं। बालिकाओं ने उन्हें तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। इसके बाद क्लब की ओर से बच्चों को उपहार वितरित किए गए। सहकर्मियों ने भी बच्चों की सुरक्षा और हर परिस्थिति में उनके सहयोग का संकल्प लिया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट के अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. राजेश कुमार पाटीदार एवं इनरव्हील क्लब महू कैंट की डॉ. हेमलता पाटीदार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, भाईचारे, सुरक्षा एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ-साथ विद्यालय के सहकर्मियों के दैनिक योगदान को सम्मान देना था।

कार्यक्रम का सफल संयोजन रितिका भादव्या, अंजलि बीवाल एवं विद्यालय के अन्य शिक्षकगण द्वारा किया गया।

# डॉ. अमित सोनी ने संभाला प्रभार

महू( इंदौर समाचार)डॉ. भीमराव अंबेडकर सिविल अस्पताल महू में विगत एक वर्ष से अधिक समय से दिन-रात अपनी सेवाएं समर्पित करने वाले मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमित सोनी को अस्पताल के प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके प्रभारी बनने से महू क्षेत्र की जनता में अस्पताल की व्यवस्थाओं के और बेहतर होने तथा आम मरीजों को सुविधाजनक एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की नई उम्मीद जगी है। डॉ. अमित सोनी अपने कर्तव्य के प्रति जवाबदार, निस्वार्थ एवं ईमानदार कार्यशैली के लिए अस्पताल स्टाफ के साथ-साथ महू



तहसील के आम नागरिकों के बीच भी अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। ज्ञात रहे कि वर्तमान प्रभारी डॉ. मधुकर शुक्ला को क्लास-वन अधिकारी बनाए जाने के बाद जिला चिकित्सालय इंदौर स्थानांतरित किया गया है। उनके स्थान पर अस्पताल के नए प्रभारी के रूप में डॉ. अमित सोनी को जिम्मेदारी दी गई है। प्रभार ग्रहण करने के अवसर पर डॉ. अमित सोनी ने कहा कि ÷यह जिम्मेदारी मेरे लिए पद नहीं, बल्कि महू की जनता की सेवा का अवसर है। अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार, सम्मान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी प्राथमिकता रहेगी। अस्पताल की व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा, ईमानदारी और टीम भावना के साथ कार्य करूंगा।

# महू ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में जामली में महंगाई के खिलाफ धरना प्रदर्शन

महू। महू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जुगनू जादवसिंह धनावत ने बताया प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े का आव्हान पर महू ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में जामली में महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज के लिए विशाल धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ वरिष्ठ नेताओं ने जमकर विरोध किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण दाजी, बाबूलाल भूत, दिनेश भूत, ओमप्रकाश नेताजी, जुगनू जादवसिंह धनावत, जनपद प्रतिनिधि विलीन पाटीदार, सरपंच प्रतिनिधि विजय पाटीदार, एहसान पटेल, मुन्नालाल पाटीदार, श्यामलाल मुकाती, मुरलीधर पाटीदार, सुरेशचंद्र मुकाती, गोविंद बेलवाले, मुरारी बापू, विनोद पटेल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल, प्रवीण पाटिल, आशीष वर्मा, महेश सेठ, रवि पाटीदार, कमलेश पाटीदार, विपिन यादव, रोहित ठाकुर, गणेश यादव, राहुल जिराती,विवेकसिंह मीणा, अजय भूत,, डॉ अजयसिंह धनावत, अनूप पाटीदार इत्यादि सैकड़ो कांग्रेस जन उपस्थित रहे । संचालन विलीन पाटीदार ने किया और आभार विजय पाटीदार ने माना।

